
## साइबर ठगों की खैर नहीं : सिंहस्थ के लिए पुलिस बना रही डिजिटल सेना

- हजारों छात्रों को दी जाएगी विशेष ट्रेनिंग
- इंदौर और ओंकारेश्वर जाने वाले यात्री भी रहेंगे निगरानी में

**इंदौर.** सिंहस्थ महापर्व के भव्य आयोजन को लेकर मध्य प्रदेश के विभिन्न विभागों ने अपनी कमर कस ली है. इसी कड़ी में मध्य प्रदेश पुलिस और राज्य साइबर सेल ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए एक विशेष योजना तैयार की है. इस योजना के तहत साइबर वॉरियर्स की एक बड़ी टीम तैयार की जा रही है जो सिंहस्थ के दौरान आने वाले लाखों लोगों को डिजिटल ठगी से बचाने में मदद करेगी. वर्तमान समय में पुलिस के लिए साइबर अपराध एक बहुत बड़ी चुनौती के रूप में उभरा है और सिंहस्थ जैसे वैश्विक आयोजन में यह खतरा और भी बढ़ जाता है.

साइबर सेल इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत बड़े स्तर पर वालेंटियर्स को जोड़ रहा है. जानकारी के अनुसार इस प्रोजेक्ट के लिए अब तक एक हजार से अधिक छात्रों ने अपना पंजीकरण करा लिया है. विभाग ने कुल दो हजार वालेंटियर्स तैयार करने का लक्ष्य रखा है. इन छात्रों को साइबर अपराधों से निपटने और लोगों को जागरूक करने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि वे मेला क्षेत्र में प्रभावी भूमिका निभा सकें.



सिंहस्थ के दौरान श्रद्धालु केवल उज्जैन तक सीमित नहीं रहते, बल्कि इंदौर और ओंकारेश्वर जैसे धार्मिक केंद्रों की भी बड़ी संख्या में यात्रा करते हैं. इस यात्रा मार्ग पर श्रद्धालु विभिन्न कंपनियों की सेवाओं और सुविधाओं का लाभ लेते हैं, जिसका फायदा उठाकर साइबर ठग उन्हें अपना निशाना बना सकते हैं. विशेष रूप से बुजुर्गों और महिलाओं को इन ठगों से बचाने के लिए पुलिस ने विशेष कार्ययोजना बनाई है.

**तत्काल मिलेगी सहायता, चलाए जाएंगे जागरूकता अभियान** -राज्य साइबर सेल इंदौर के एसपी सव्यचारी सराफ ने बताया कि साइबर अपराधों से निपटने के लिए कई स्तरों पर जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे. इस साल शिवरात्रि के दौरान उज्जैन में एक सफल प्रयोग भी किया गया था, जहां मंदिर परिसर में विशेष कैंप लगाकर पीड़ितों की तुरंत एफआईआर दर्ज करने की व्यवस्था की गई थी. इसके साथ ही पोस्टरों और विज्ञापनों के जरिए लोगों को ठगी से बचने के तरीके सिखाए गए थे. सिंहस्थ के दौरान इस टीम के जगह जगह पर केंद्र होंगे, कोई भी इन केंद्रों पर किसी भी तरह से मदद मांग सकेगा. उसकी तुरंत मदद की जाएगी.

**संपूर्ण मेला क्षेत्र में तैनात रहेगी छात्रों की साइबर टीम**

साइबर सेल की टीम वर्तमान में विभिन्न कॉलेजों के संपर्क में है ताकि सेवा के इच्छुक छात्रों को जोड़ा जा सके. ये वालेंटियर्स सिंहस्थ के दौरान पूरे मेला क्षेत्र में तैनात रहेंगे. इनका मुख्य कार्य संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखना और तकनीकी रूप से कम जानकार श्रद्धालुओं को डिजिटल सुरक्षा के प्रति सचेत करना होगा. विभाग का मानना है कि इस जनभागीदारी से साइबर अपराधों की दर में भारी कमी आएगी.

## 25 लाख के जेवर लेकर फरार केयरटेकर का सुराग नहीं

- फर्जी आधार कार्ड से कर रहा था नौकरी
- पुलिस अब इनाम घोषित करने की तैयारी में

इंदौर. गुमास्ता नगर में बुजुर्ग को नशा देकर 25 लाख के जेवर लेकर फरार हुए केयरटेकर का अब तक कोई सुराग नहीं लगा है. पुलिस अब आरोपी पर इनाम घोषित करने की तैयारी कर रही है.

द्वारकापुरी थाना क्षेत्र के 75 वर्षीय ओमप्रकाश मूंगड़ की देखभाल के लिए परिवार ने एजेंसी के जरिए यश नाम के युवक को रखा था. परिवार के बाहर जाने के दौरान आरोपी ने बुजुर्ग और नौकर दिलीप को जूस में नशा मिलाकर पिला दिया, जिससे दोनों बेसुध हो गए. इसके बाद वह घर से करीब 25 लाख रुपए कीमत के ब्रेसलेट और चेन लेकर फरार हो गया. जांच में सामने आया कि आरोपी ने एजेंसी में जो आधार कार्ड जमा किया था, वह फर्जी निकला. इसी वजह से पुलिस को उसकी पहचान और ठिकाने तक पहुंचने में दिक्कत आ रही है. पुलिस ने आरोपी के सीसीटीवी फुटेज अन्य जिलों में भेज दिए हैं और उसकी तलाश तेज कर दी है. साथ ही आरोपी पर इनाम घोषित करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है.

## पिट एनडीपीएस एक्ट से सीधी जेल

- बार-बार पकड़े जाने वालों की सूची तैयार
- इस एक्ट में 6 माह तक नहीं मिलती आरोपी को जमानत

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में बढ़ते ड्रग्स कारोबार पर अब पुलिस ने निर्णायक वार शुरू कर दिया है. बार-बार पकड़े जा रहे तस्करों के खिलाफ पिट एनडीपीएस एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई की जा रही है, जिससे उन्हें सीधे जेल भेजा जा सके. इस कानून के तहत छह माह तक जमानत नहीं मिलती, जिससे तस्करों में हड़कंप की स्थिति है.**

पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर क्राइम ब्रांच और सभी थानों को ऐसे तस्करों की पहचान कर सूची तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं, जो दो या उससे अधिक बार पकड़े जा चुके हैं. थाना स्तर पर चल रही इस कवायद में अब तक करीब एक दर्जन तस्कर चिन्हित किए जा चुके हैं. इनमें एक महिला तस्कर भी शामिल है, जो पहले भी कई बार पकड़ी जा चुकी है. पिछले एक महीने में ही पुलिस रेहान पांडा निवासी खजराना समेत आधा दर्जन तस्करों पर पिट एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर चुकी है.

**ड्रग्स के धंधे से संपत्ति बनाने वालों की सूची भी तैयार**

सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर सीधे भोपाल जेल भेजा है. इस एक्ट में आरोपी को छह महीने तक जमानत नहीं मिलती. इस सख्ती के बाद शहर में सक्रिय ड्रग्स नेटवर्क पर असर पड़ने लगा है. इसके साथ ही पुलिस अब उन तस्करों पर भी शिकंजा कस रही है, जिन्होंने ड्रग्स के धंधे से करोड़ों की संपत्ति बनाई है. डीसीपी राजेश त्रिपाठी का कहना है कि क्राइम ब्रांच ऐसे चार आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में प्रस्ताव पेश कर चुकी है, ताकि उनकी अवैध संपत्ति को कुर्क किया जा सके. आने वाले दिनों में और बड़े नाम इस कार्रवाई की जद में आ सकते हैं.

## तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, चालक घायल

- गीता भवन चौराहे पर हुआ हादसा, आरोपी कार चालक फरार

**इंदौर. गीता भवन क्षेत्र में देर रात तेज रफ्तार कार ने ई रिक्शा को टक्कर मार दी. हादसे में ई रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि कार चालक मौके से फरार हो गया. पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है.**

घायल ई-रिक्शा चालक का नाम भूषण कुमार उम्र 26 साल निवासी अर्जुन सिंह गोहर नगर बताया गया है. पुलिस के अनुसार, भूषण देर रात अपने घर लौट रहा था. इसी दौरान गीता भवन चौराहे के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसके ई रिक्शा को टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ई-रिक्शा पलट गया और उसके परखच्चे उड़ गए, वहीं भूषण सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया. हादसे के बाद कार चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया. घटना के बाद राहगीरों ने तुरंत एम्बुलेंस को सूचना दी और घायल को अस्पताल पहुंचाया. पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी को पकड़ने के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है.

## फ्लाइट के अंदर व्यापारी के बैग का ताला टूटा

- कीमती घड़ी, परफ्यूम और दो लेदर बेल्ट गायब मिले
- एरोड्रम थाने में केस दर्ज, पुलिस कर रही जांच

इंदौर. मुंबई से फ्लाइट से इंदौर पहुंचे एक फर्नीचर व्यापारी के बैग का ताला टूटा मिलने और कीमती सामान गायब होने का मामला सामने आया है. एरोड्रम पुलिस ने शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

शिकायतकर्ता हिमांशु गुप्ता निवासी श्रीनाथ रेजीडेंसी ने पुलिस को बताया कि वे 2 मई को एअर इंडिया की फ्लाइट एआई 2591 से मुंबई से इंदौर आए थे. उन्होंने तड़के 4 बजे एयरपोर्ट पर अपने दो बैग चेक इन किए थे. फ्लाइट सुबह 7.25 बजे रवाना होकर करीब 9 बजे इंदौर पहुंची. यहां बैगेज बेल्ट नंबर-2 से सामान लेने पर उनके बड़े सूटकेस का ताला टूटा और चेन खुली हुई मिली. सूटकेस की जांच करने पर उसमें रखी राडो कंपनी की कीमती घड़ी, परफ्यूम और दो लेदर बेल्ट गायब मिले.



**स्टॉफ और सुरक्षा कर्मियों ने मामले को किया अनदेखा**

पीड़ित के अनुसार, बैग चेक इन के समय पूरी तरह सुरक्षित था. घटना के बाद उन्होंने तत्काल एयरलाइन स्टॉफ और सुरक्षा कर्मियों को शिकायत दी, लेकिन मौके पर न तो कोई ठोस कार्रवाई हुई और न ही उन्हें कोई लिखित दस्तावेज दिया. पीड़ित ने बाद में एयरलाइन को मेल और सोशल मीडिया के माध्यम से शिकायत की. इसके बाद एयरलाइन की ओर से पिल्फरेज रिपोर्ट मांगी गई, जबकि एयरपोर्ट पर यही रिपोर्ट बनाने से पहले मना कर दिया था, जिससे प्रक्रिया पर सवाल खड़े हो गए हैं. मामले में एरोड्रम पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर एयरलाइन स्टॉफ से जानकारी जुटाना शुरू कर दिया है.

### एक नजर में

## पासीपुरा में गोवंश के अवशेष मिलने से आक्रोश



**महू.** नगर के पासीपुरा क्षेत्र में मंगलवार को छावनी परिषद के ट्रेंचिंग ग्राउंड के पास गोवंश के अवशेष मिलने की सूचना से इलाके में आक्रोश फैल गया. खबर फैलते ही बजरंग दल के कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए और घटना के विरोध में प्रदर्शन किया. सूचना मिलने और स्थिति की गंभीरता को देखते हुए भारी पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुंचा और पूरे क्षेत्र को अपने नियंत्रण में ले लिया. थाना प्रभारी राहुल शर्मा ने बताया कि आसपास के इलाके में सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है. प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है, इसलिए हर पहलू से जांच की जा रही है. आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी व सख्त कार्रवाई की मांग बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है. मौके पर तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए पुलिस ने अतिरिक्त बल भी तैनात कर दिया है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से निपटा जा सके. पुलिस द्वारा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है और संदिग्ध लोगों से पूछताछ जारी है. अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी.

## बुजुर्ग व्यापारी की सोने की चेन ले उड़ा बदमाश

**महू.** नगर में मंगलवार सुबह भायाजी रोड स्थित चौपाटी के पास एक बुजुर्ग सिगरेट विक्रेता से ठगी की वारदात सामने आई है. एक शातिर बदमाश ने सम्मोहन जैसी चाल चलकर और व्यापारी को बातों में उलझाकर उनसे करीब एक तोले की सोने की चेन ठग ली और मौके से फरार हो गया. जानकारी के मुताबिक, घटना सुबह करीब 11.30 बजे की बताई जा रही है. पीड़ित बसंत लाल सूर्या सिगरेट का व्यवसाय करते हैं. उनकी दुकान पर एक युवक उनके पास पहुंचा और पहले पान मसाला मांगा. इसके बाद उसने बातचीत के दौरान कहा कि उसे 3 हजार रुपए गौशाला में दान करने हैं और इन पैसों पर सोने की कोई चीज रखने को कहा. बदमाश की बातों में आकर बसंत लाल ने पहले अपनी अंगूठी पैसों पर रख दी. इसके बाद आरोपी ने और भारी चीज रखने को कहा, जिस पर बुजुर्ग ने अपने गले से सोने की चेन उतारकर पैसों पर रख दी. इसी बीच आरोपी 3 हजार रुपए वहीं छोड़कर सोने की चेन लेकर चुपचाप फरार हो गया. सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची. महू कोतवाली थाना प्रभारी राहुल शर्मा ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है. पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है, आरोपी की तलाश जारी है.



## डाकघरों में आधार अपडेशन के लिए विशेष अभियान 9 को

**महू.** आम नागरिकों की सुविधा के लिए आगामी 9 मई को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक महू डाक उपसंभाग के विभिन्न डाकघरों (महू, राऊ, कस्तूरबा ग्राम, देपालपुर) में आधार नामांकन एवं अपडेशन के लिए विशेष अभियान आयोजित किया जाएगा. डाकघरों में नागरिक अपने आधार कार्ड से जुड़े आवश्यक संशोधन जैसे नाम, पता, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर एवं बायोमेट्रिक अपडेट आसानी से करवा सकेंगे. यह सेवा भारत सरकार द्वारा निर्धारित शुल्क पर उपलब्ध रहेगी. अभियान को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए संबंधित डाकघरों में अतिरिक्त व्यवस्थाएं की गई हैं, जिससे अधिक से अधिक लोगों को त्वरित और सहज सेवा मिल सके. डाक निरीक्षक महू उपसंभाग ने जानकारी देते हुए बताया कि इस विशेष अभियान के लिए 7 एवं 8 मई को संबंधित डाकघरों में टोकन वितरित किए जाएंगे. इच्छुक नागरिकों से अपील की गई है कि वे समय रहते टोकन प्राप्त कर लें.

## 2 किलो से ज्यादा गांजा के साथ प्रॉपर्टी ब्रोकर गिरफ्तार

- चार्टर्ड बस स्टॉप के पीछे से पकड़ा आरोपी को

**इंदौर.** खजराना पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 2 किलो से अधिक अवैध गांजा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. आरोपी के पास से गांजा, मोबाइल और वाहन समेत करीब 1.20 लाख रुपए का मशरूका जब्त किया है.

पुलिस के अनुसार, आरोपी अनिल कौशल उम्र 55 साल निवासी शुभम नगर, एरोड्रम क्षेत्र को स्कीम नंबर 134 स्थित चार्टर्ड बस स्टॉप के पीछे से पकड़ा. वह स्कूटी पर संदिग्ध हालत में बैठा था और पुलिस को देखकर भागने लगा, जिसे घेराबंदी कर दबोच लिया. तलाशी में उसके पास से करीब 2 किलो से ज्यादा गांजा बरामद हुआ. पूछताछ में सामने आया कि आरोपी प्रॉपर्टी ब्रोकर का काम करता है और खुद नशे का आदी है. नशे की लत पूरी करने और जल्दी पैसा कमाने के लिए वह सस्ते में गांजा खरीदकर महंगे दामों में बेचता था. पुलिस ने आरोपी से एक ओप्पो मोबाइल और जुपिटर एक्टिवा भी जब्त की है. मामले में खजराना थाने में एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत केस दर्ज कर लिया है. पुलिस अब आरोपी से गांजा सप्लाई नेटवर्क और उसके अन्य साथियों के बारे में रिमांड लेकर पूछताछ कर रही है.



**11.60 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ आरोपी गिरफ्तार**

**पहले भी एनडीपीएस में पकड़ा चुका है आरोपी**

इंदौर. तुकोगंज थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को 11.60 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है. आरोपी के कब्जे से मोबाइल सहित करीब 2 लाख रुपए का मशरुका जप्त किया गया है. मंगलवार रात नेहरू पार्क स्थित शिव मंदिर के सामने चेकिंग के दौरान पुलिस टीम को एक संदिग्ध युवक दिखाई दिया, जो पुलिस को देखकर वापस मुड़ने लगा. शक के आधार पर उसे रोककर तलाशी ली गई, जिसमें उसके पास से पारदर्शी पन्नी में रखी 11.60 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई. पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अब्दुल शब्बीर उर्फ सलमान राउफ निवासी आजाद नगर बताया. पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह शहर में नशे के आदी लोगों को यह मादक पदार्थ बेचता था. वह पहले भी अवैध शराब और एनडीपीएस एक्ट के मामलों में गिरफ्तार हो चुका है. फिलहाल पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस द्वारा आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है.



अब्दुल शब्बीर

## हथौड़ी से सिर फोड़ दिया

इंदौर. खुड़ैल थाना क्षेत्र के ग्राम काजी पलासिया में दीवार में कील ठोकने से मना करना एक व्यक्ति को भारी पड़ गया. गुस्साए पड़ोसी पिता-पुत्र ने उसके सिर पर हथौड़ी से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया. फरियादी जगदीश जाटव निवासी दयालु नगर, ग्राम काजी पलासिया ने शिकायत में बताया कि उनके पड़ोस में रहने वाले राजेश जाटव और उसका बेटा चिन्टू दीवार में कील ठोक रहे थे. जगदीश ने दीवार को नुकसान होने की बात कहकर उन्हें ऐसा करने से मना किया. इसी बात पर दोनों आरोपी भड़क गए और गाली गलौज करने लगे. विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने जगदीश पर हमला कर दिया. इस दौरान राजेश और चिन्टू ने हथौड़ी से उनके सिर पर जोरदार वार कर दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए और सिर से खून बहने लगा. घटना के बाद परिजनों ने उन्हें उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया.

## भंवरकुआं ब्रिज पर तेज रफ्तार कार में स्टंट

- पुलिस जांच में जुटी
- खिड़की सनरूफ से लटके युवकों का वीडियो वायरल

इंदौर. शहर में स्टंटबाजी थमने का नाम नहीं ले रही है. भंवरकुआं ब्रिज पर चलती कार में खतरनाक स्टंट करते युवकों का वीडियो सामने आया है, जिसमें कार की खिड़की और सनरूफ से बाहर लटककर जान जोखिम में डाली जा रही है. पुलिस वीडियो की जांच में जुट गई है.

वायरल वीडियो में एक तेज रफ्तार कार दिखाई दे रही है, जिसमें दो युवक खिड़की से बाहर लटके हुए हैं, जबकि एक युवक सनरूफ से बाहर निकलकर खड़ा नजर आ रहा है. स्टंट के दौरान कार की स्पीड भी काफी तेज बताई जा रही है, जिससे हादसे का खतरा साफ दिखाई देता है. लगातार कार्रवाई के बावजूद शहर में इस तरह की लापरवाही नहीं रुक रही है. इससे युवा न केवल अपनी जान खतरे में डाल रहे हैं, बल्कि सड़क पर चल रहे अन्य लोगों के लिए भी खतरा बन रहे हैं. पुलिस ने वायरल वीडियो के आधार पर वाहन और युवकों की पहचान शुरू कर दी है. मामले में जल्द कार्रवाई की बात कही जा रही है.



## छात्रा के साथ नेपाली युवक ने किया रेप

- छात्रा की मां के साथ पाइप फैक्ट्री में काम करता है आरोपी
- गांधी नगर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर किया गिरफ्तार

**इंदौर. गांधी नगर पुलिस ने एक महिला की शिकायत के बाद उसकी बेटी के साथ रेप करने के मामले मे आरोपी के खिलाफ एफआइआर की है. महिला और आरोपी युवक एक ही कंपनी में काम करते हैं. नाबालिग छात्रा वहीं अपनी मां से मिलने पहुंची थी. इसी दौरान आरोपी उसे अपने साथ लेकर चले गया.**

गांधी नगर पुलिस ने पाइप फैक्ट्री में काम करने वाली एक महिला की शिकायत पर विजय पुत्र मालती ढारू निवासी कोलपुर काठमांडू नेपाल के खिलाफ रेप और पास्को एक्ट के मामले में एफआईआर दर्ज की है. महिला ने पुलिस को बताया कि उसकी बेटी की स्कूल की छुट्टी हुई तो वह फैक्ट्री आ गई. दोपहर में दोनों ने साथ में खाना खाया. बेटी को पानी की टंकी पर पानी लेने भेजा, लेकिन वह काफी देर तक वापस नहीं पहुंची. बाद में पति के साथ उसे ढूंढा तो वहां बने एक क्वार्टर में बेटी की चिल्लाने की आवाज सुनाई दी. क्वार्टर में जाकर देखा तो उसके साथ में विजय गलत काम कर रहा था. बेटी को हमने वहां से उठाया और पूछताछ की तो उसने बताया कि वह पानी लेने आई थी. तब विजय ने उसे इशारे से बुलाया और अंदर एक काम होने की बात की. इसके बाद उसके साथ गलत काम करने लगा. वहां मौजूद लोगों ने आरोपी विजय की पिटाई कर दी और उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है और आगे की कार्रवाई कर रही है.

**एक नजर में** | जरूरी कागजात बनवाने और केवाईसी अपडेट करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा


## अव्यवस्था की भेंट चढ़ीं पेंशन योजनाएं, हितग्राहियों में निराशा और असंतोष



**इंदौर.** पेंशन योजनाएं अव्यवस्था की भेंट चढ़ गई हैं. दस्तावेजी पेचीदगियां, बैंक-नगर निगम के चक्कर और प्रशासन की सुस्ती के चलते बुजुर्ग और विकलांग परेशान हैं. इन परेशानियों के कारण, पेंशन मिलने में देरी हो रही है और योजना के प्रति लोगों में निराशा और असंतोष बढ़ रहा है. कई बुजुर्गों और विकलांगों को फॉर्म जमा करने, आय प्रमाण पत्र बनवाने और केवाईसी अपडेट करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. बैंकों और नगर निगम कार्यालयों के बीच सामंजस्य की कमी के कारण हितग्राहियों को बार-बार चक्कर काटने पढ़ रहे हैं.

बियाबानी क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 67 के जोशी मोहल्ला क्षेत्र में व्यवस्था बदहाली का शिकार नजर आ रही है. क्षेत्र के कई बुजुर्ग और दिव्यांग हितग्राहियों ने बताया कि पेंशन पाने के लिए वे नगर निगम के जोन कार्यालय, बैंक और संबंधित विभागों के लगातार चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन समाधान के नाम पर केवल आश्वासन मिलता है. कई हितग्राहियों की पेंशन दस्तावेजों में कमी, आधार लिंक, केवाईसी या सत्यापन लंबित बताकर अचानक रोक दी गई. हितग्राहियों द्वारा कई बार दस्तावेज जमा करने के बाद भी महीनों तक पेंशन शुरू नहीं हो रही है. स्थिति यह है कि कई बुजुर्गों ने अब पेंशन मिलने की उम्मीद ही छोड़ दी है. इससे स्पष्ट होता है कि विभागीय समन्वय की कमी और अधिकारियों की लापरवाही के कारण जरूरतमंद हितग्राही योजना का लाभ नहीं ले पा रहे. रहवासियों ने प्रशासन से शिविर लगाकर लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने की मांग की है.

**रहवासियों का कहना....**



कई तरह की बीमारियों ने घेर रखा है, एक हाथ और एक पैर भी सही तरह से काम नहीं करते, ऐसे में कौन दफ्तर के चक्कर लगाएगा. आगे चलकर कोई अधिकारी भी नहीं आएगा. इसलिए पेंशन की उम्मीद ही नहीं बची.

**- मनोहरलाल**



पेंशन के लिए सैकड़ों लोगों को चक्कर लगाते देख रहे हैं, इतना भटकने के बाद कुछ को ही पेंशन लाभ मिल पा रहा है, अधिकांश लोगों को तो आज तक पेंशन मिली ही नहीं, जिन्हें मिल रही थी, उनमें से भी कुछ की बंद हो गई. इस कारण मैंने आवेदन ही नहीं किया, क्योंकि मिलना तो है नहीं.

**- जानकी बाई**



मुझे विकलांग पेंशन मिला करती थी, जो मेरे लिए बहुत बड़ा सहारा थी, लेकिन पिछले चार महीने से मेरी पेंशन बंद कर दी गई है, कई बार जोन कार्यालय के चक्कर लगाए, तब जाकर अब मेरे दोबारा कागज जमा करवाए हैं, देखते हैं पेंशन मिलती भी है या नहीं.

**- कपिल गुड़ेले**